सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ रही निगम की टीमआवारा मवेशी पकड़ने 2 पालियों में कार्रवाई

भिलाईनगर। घूमन्तू मवेशी मुक्त शहर बनाने के लिए निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। कहीं भी झुंड में मवेशियों के बैठे होने की शिकायत पर टीम शीघ्रता से वहां पहुंचकर उन्हें पकड़ने का कार्य कर रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा मवेशी मुक्त शहर बनाये जाने के निर्देश कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने दिये है। जिसके लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विशेष दल का गठन किया है जिसमें शामिल दल के कर्मचारी दो पाली में अभियान चलाकर 3 काउकैचर वाहन के माध्यम से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में घूम घूम कर मवेशियों को पकड़ रहे है साथ ही सभी प्रमुख बाजार में सुबह एवं शाम के समय फेरा लगा रहे है जिससे कि बाजार में आने वाले नागरिकों को आवारा मवेशियों की वजह से किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त श्री व्यास के निर्देश पर नवम्बर माह में ही 223 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। बता दें कि गौठान में बढ़ रहे पशुओ की संख्या को देखते हुए भिलाई निगम की सीमा जामुल परिक्षेत्र के पास एक नया गौठान का निर्माण किया जा रहा है साथ ही जनपद पंचायत से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण गौठानो में भी जानवरो को रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है।